सत्यमेव जयते

राजस्थान राज-पत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	*Published by Authority*

आषाढ़ 19, बुधवार, शाके 1946 - जुलाई 10, 2024

Asadha 19, Wednesday, Saka 1946 - July 10, 2024

भाग 4 (ग)

उप-खण्ड (II)

राज्य सरकार तथा अन्य राज्य प्राधिकारियों द्वारा जारी
किये गये कानूनी आदेश तथा अधिसूचनाएं।

वित्त विभाग

(कर अनुभाग)

अधिसूचना

जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.13 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि प्रतिफल के भाग के रूप में प्रभारित माल और सेवा कर की रकम पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क का परिहार किया जायेगा।

यह अधिसूचना निष्पादित लिखतों या रजिस्ट्रीकरण या निर्देश के लिए उप-रजिस्ट्रार के समक्ष या स्टाम्प शुल्क के न्यायनिर्णयन के लिए कलक्टर (स्टाम्प) या राजस्थान कर बोर्ड या किसी अन्य न्यायालय के समक्ष लंबित लिखतों पर भी लागू होगी किन्तु पूर्व में संदत्त स्टाम्प शुल्क का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-74]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग

(कर अनुभाग)

अधिसूचना

जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.14 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.4(2)वित्त/कर/2022-111 दिनांक 23.02.2022 और प.4(2)वित्त/कर/2023-46 दिनांक 10.02.2023 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि दो या अधिक कंपनियों के मध्य आमेलन, डीमर्जर या पुनर्गठन के आदेश से संबंधित हस्तांतरण विलेख पर उक्त अधिनियम की अनुसूची के अनुच्छेद 21 के खण्ड (iii) के अधीन प्रभार्य स्टाम्प शुल्क घटाया जायेगा और अधिकतम 25 करोड़ के अध्यधीन रहते हुए, निम्नानुसार प्रभारित किया जायेगा:-

(i) ऐसे समामेलन, डीमर्जर या पुनर्गठन के बदले में या अन्यथा जारी या आबंटित पूर्णत: समादत्त शेयर के बाजार मूल्य या ऐसे शेयरों के अंकित मूल्य, जो भी अधिक हो, और संदत्त प्रतिफल की रकम, यदि कोई हो, को मिलाकर कुल रकम के एक प्रतिशत के बराबर रकम, या यथास्थिति,

(ii) अंतरक कंपनी या पारिणामिक कंपनी की राजस्थान राज्य में स्थित स्थावर संपत्ति के बाजार मूल्य के चार प्रतिशत के बराबर रकम,

जो भी अधिक हो।

यह अधिसूचना निष्पादित लिखतों या उप-रजिस्ट्रार के समक्ष रजिस्ट्रीकरण या निर्देश के लिए या कलक्टर (स्टाम्प) या राजस्थान कर बोर्ड या किसी अन्य न्यायालय के समक्ष स्टाम्प शुल्क के न्यायनिर्णयन के लिए लंबित लिखतों पर भी लागू होगी किन्तु पहले से ही संदत्त स्टाम्प शुल्क का प्रतिदाय नहीं किया जाएगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-75]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग

(कर अनुभाग)

अधिसूचना

जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.15 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.2(15)वित्त/कर अनु./98-73 दिनांक 14.08.1998 और प.4(2)वित्त/कर/2023-31 दिनांक

10.02.2023 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि कृषिक और आवासीय प्रयोजनों के लिए विद्युत संयोजन उपलब्ध करवाये जाने के लिए निष्पादित करार पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क का परिहार किया जायेगा और अन्य प्रयोजनों के लिए ऐसे प्रत्येक करार के लिए 100 रुपया स्टाम्प शुल्क प्रभारित किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-76]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.16 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.4(2)वित्त/कर/2023-25 दिनांक 10.02.2023 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि निम्नलिखित लिखतों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क घटाया जायेगा और निम्नानुसार प्रभारित किया जायेगा:-

क्र. सं.	लिखत का विवरण	हस्तान्तरण-पत्र की दर से संदेय स्टाम्प शुल्क
1	2	3
1.	राज्य सरकार, नगरीय स्थानीय निकायों, लोक उपक्रमों या किन्हीं अन्य सरकारी निकायों से पट्टा विलेख प्राप्त करने से पूर्व संनिर्माण के साथ या बिना किसी भूमि के संबंध में निष्पादित प्रत्येक मध्यवर्ती अरजिस्ट्रीकृत और असम्यक् रूप से स्टाम्पित लिखत।	उप-पंजीयक के समक्ष प्रस्तुतीकरण की तारीख पर या, यथास्थिति, कलक्टर (स्टाम्प) को निर्देश की तारीख पर भूमि के विद्यमान बाजार मूल्य के 20 प्रतिशत पर।
2.	संनिर्माण के साथ या बिना किसी भूमि के संबंध में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 के अधीन उस भूमि का विक्रय विलेख या दान विलेख रजिस्ट्रीकृत किये जाने से पूर्व निष्पादित प्रत्येक मध्यवर्ती अरजिस्ट्रीकृत और असम्यक् रूप से स्टाम्पित लिखत।	उप-पंजीयक के समक्ष प्रस्तुतीकरण की तारीख पर या, यथास्थिति, कलक्टर (स्टाम्प) को निर्देश की तारीख पर भूमि के विद्यमान बाजार मूल्य के 20 प्रतिशत पर।

टिप्पण: 1. पट्टा विलेख जारी करते समय राज्य सरकार या संबंधित प्राधिकारी ऐसी स्थावर संपत्ति के संबंध में निष्पादित मध्यवर्ती अरजिस्ट्रीकृत और असम्यक् रूप से स्टाम्पित लिखतों के निष्पादन की तारीख सहित उनकी संख्या वर्णित करते हुए एक प्रमाणपत्र जारी करेगा और ऐसी मध्यवर्ती लिखतों की प्रतियां भी उपलब्ध करवायेगा;

2. पट्टाधारक, क्रेता या आदाता उसके पट्टा विलेख, विक्रय विलेख या, यथास्थिति, दान विलेख के साथ रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष ऐसे प्रमाणपत्र और/या अरजिस्ट्रीकृत तथा असम्यक् रूप से स्टाम्पित लिखतों की प्रतियां प्रस्तुत करेगा;

3. उप-पंजीयक, ऐसा पट्टा विलेख, विक्रय विलेख या, यथास्थिति, दान विलेख तब तक रजिस्टर नहीं करेगा जब तक कि टिप्पण 1 या, यथास्थिति, 2 में विनिर्दिष्ट प्रमाणपत्र और/या मध्यवर्ती लिखतों की प्रतियां उसके समक्ष प्रस्तुत नहीं कर दी गयी हैं और ऐसी मध्यवर्ती लिखतों पर संदेय स्टाम्प शुल्क और अधिभार वसूल नहीं कर लिया गया है; और

4. उपर्युक्त दरें निष्पादित लिखतों पर या रजिस्ट्रीकरण या निर्देश के लिए उप-रजिस्ट्रार के समक्ष या स्टाम्प शुल्क के न्यायनिर्णयन के लिए कलक्टर (स्टाम्प) या राजस्थान कर बोर्ड या किसी अन्य न्यायालय के समक्ष लंबित लिखतों पर भी लागू होंगी किन्तु पहले से ही संदत्त स्टाम्प शुल्क का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-77]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग

(कर अनुभाग)

अधिसूचना

जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.17 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.4(2)वित्त/ कर/2023-27 दिनांक 10.02.2023 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि किसी व्यक्ति, जो राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजनार्थ उपयोग हेतु अनुमति एवं आबंटन) नियम, 2012 के नियम 11 के उप-नियम (3) या नियम 19 के उप-नियम (1) के अधीन स्थानीय प्राधिकारी से पट्टा विलेख प्राप्त करने का पात्र है, द्वारा पट्टा विलेख प्राप्त करने के अपने अधिकार का किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में समनुदेशन या अंतरण के प्रयोजन के लिए निष्पादित समनुदेशन

विलेख, चाहे किसी भी नाम से ज्ञात हो, पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क घटाया जायेगा और निम्नानुसार प्रभारित किया जायेगा:-

क्र.सं.	लिखत का विवरण	स्टाम्प शुल्क
1	2	3
1.	राजस्थान टाउनशिप पालिसी, 2002 या राजस्थान टाउनशिप पालिसी, 2010 के अधीन आने वाली परियोजना के संबंध में विकासकर्ता द्वारा निष्पादित प्रत्येक आबंटन पत्र के लिए	प्रत्येक ऐसे विलेख पर पांच सौ रुपये।
2.	उपर्युक्त क्रम संख्यांक 1 के अधीन नहीं आने वाले किसी अन्य मामले में	संपत्ति, जिसके संबंध में समनुदेशन विलेख निष्पादित किया गया है, के बाजार मूल्य पर 5 प्रतिशत

[प.4(2)वित्त/कर/2024-78]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.18 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि चार तलों से अधिक के बहुमंजिला भवन में फ्लैट या आवासीय इकाई, जिसका बाजार मूल्य पचास लाख रुपये से अधिक नहीं है, से संबंधित निम्नलिखित लिखतों पर स्टाम्प शुल्क घटाया जायेगा और पांच प्रतिशत की दर से प्रभारित किया जायेगा, अर्थात्:-

(i) हस्तान्तरण विलेख;या

(ii) आबंटन या विक्रय के परिणामस्वरूप राज्य सरकार, स्थानीय प्राधिकारियों, लोक उपक्रमों या किन्हीं अन्य सरकारी निकायों द्वारा जारी/निष्पादित पट्टा विलेख।

यह अधिसूचना निष्पादित लिखतों या उप-रजिस्ट्रार के समक्ष रजिस्ट्रीकरण या निर्देश के लिए या कलक्टर (स्टाम्प) या राजस्थान कर बोर्ड या किसी अन्य न्यायालय के समक्ष स्टाम्प शुल्क के

न्यायनिर्णयन के लिए लंबित लिखतों पर भी लागू होगी किन्तु पहले से ही संदत्त स्टाम्प शुल्क का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-79]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.19 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.4(15)वित्त/कर/2014-57 दिनांक 14.07.2014 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि चार तलों से अधिक बहुमंजिला भवनों की इकाई के पश्चात्वर्ती हस्तान्तरण विलेख पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क, ऐसी इकाई के प्रथम हस्तान्तरण विलेख के रजिस्ट्रीकरण के पश्चात् तीन वर्ष के भीतर निष्पादित होने पर, घटाया जायेगा और बाजार मूल्य के तीन प्रतिशत की दर पर प्रभारित किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-80]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.20 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) और रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 16) की धारा 78 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की समय-समय

पर यथा संशोधित अधिसूचना संख्यांक प.4(17)वित्त/कर/2019-28 दिनांक 10.07.2019 और संख्यांक प.4(17)वित्त/कर/2019-37 दिनांक 10.07.2019 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि,-

(i) शहीद की पत्नी के पक्ष में,

(ii) यदि शहीद की पत्नी जीवित नहीं है, तब या तो अवयस्क पुत्री या अवयस्क पुत्र के पक्ष में,

(iii) यदि शहीद अविवाहित था, तब या तो उसके पिता या माता के पक्ष में, और

(iv) यदि शहीद विधुर था और उसके कोई अव्यस्क संतान नहीं है, तब या तो उसके पिता या माता के पक्ष में,

राज्य सरकार या स्थानीय प्राधिकारी या राज्य सरकार के किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा आवासीय फ्लैट या मकान के संबंध में निष्पादित हस्तान्तरण विलेख या पट्टा विलेख या किसी व्यक्ति या निजी संगठन द्वारा आवासीय फ्लैट या मकान के संबंध में निष्पादित दान विलेख पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रीकरण फीस का, संबंधित कल्याण अधिकारी या प्राधिकारी द्वारा जारी किये गये पहचान-पत्र के प्रस्तुत किये जाने पर परिहार किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-81]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.21 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9-क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.4(6)वित्त/कर/2016-231 दिनांक 08.03.2016 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि लिखत के निष्पादन की तारीख के प्रारंभ से कलक्टर (स्टाम्प) के आदेश की तारीख से तीस दिवस की अवधि के अवसान तक की कालावधि के लिए उक्त अधिनियम के अधीन अवधारित स्टाम्प शुल्क की रकम

पर धारा 72 के अधीन प्रभार्य ब्याज का परिहार किया जायेगा किंतु पूर्व में संदत्त ब्याज का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-82]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.22 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 86 और 87 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, राजस्थान स्टाम्प नियम, 2004 को और संशोधित करने के लिए इसके द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.- (1) इन नियमों का नाम राजस्थान स्टाम्प (संशोधन) नियम, 2024 है।

(2) ये तुरंत प्रवृत होंगे।

2. नियम 57 का संशोधन.- राजस्थान स्टाम्प नियम, 2004 के विद्यमान नियम 57 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"57. शुल्क पर प्रभाव डालने वाले तथ्यों का लिखत में उपवर्णित किया जाना.- (1) प्रतिफल, यदि कोई हो, और किसी लिखत की शुल्क से प्रभार्यता या शुल्क की रकम जिसके साथ वह प्रभार्य है, पर प्रभाव डालने वाले समस्त अन्य तथ्य और परिस्थितियां, उसमें पूर्णतया और सही रूप में उपवर्णित की जायेंगी।

(2) स्थावर संपत्ति का बाजार मूल्य, खुली भूमि और सन्निर्मित प्रभाग के बाजार मूल्य के आधार पर उनकी संबंधित दरों के अनुसार पृथक्-पृथक् अवधारित किया जायेगा।

(3) रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, स्टाम्प शुल्क पर प्रभाव डालने वाली स्थावर संपत्ति की लिखत में उल्लिखित तथ्यों की सत्यता को अभिनिश्चित करने के लिए, संपत्ति का स्वयं निरीक्षण कर सकेगा या ऐसे निरीक्षण के लिए अपने अधीनस्थ कर्मचारी या उप-नियम (4) के अधीन राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी या कर्मचारी को निदेश दे सकेगा।

(4) राज्य सरकार लिखत में उल्लिखित स्थावर संपत्ति के मूल्यांकन को प्रभावित करने वाले तथ्यों के सही होने को अभिनिश्चित करने के प्रयोजन के लिए सरकार, स्थानीय निकायों या राजकीय उपक्रमों के किसी अधिकारी या कर्मचारी या किसी अन्य व्यक्ति को निरीक्षण के लिए आदेश द्वारा प्राधिकृत कर सकेगी और ऐसी स्थावर संपत्तियों के इलैक्ट्रानिक युक्ति से या अन्यथा निरीक्षण की रीति और मानक विनिर्दिष्ट कर सकेगी।

(5) राज्य सरकार या महानिरीक्षक स्टाम्प किसी सूचना के विनिर्दिष्ट उल्लेख के लिए प्रोफार्मा विहित कर सकेगा और सम्यक् रूप से भरा हुआ ऐसा प्रोफार्मा सदैव लिखत का भाग समझा जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-83]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.23 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि जहां उक्त अधिनियम की अनुसूची के अनुच्छेद 5 के खण्ड (घ), अनुच्छेद 6, अनुच्छेद 30, अनुच्छेद 37 या अनुच्छेद 50 में विनिर्दिष्ट दो या अधिक लिखतें ऋण के एकल संव्यवहार को पूर्ण करने के लिए नियोजित की जाती हैं वहां उक्त अधिनियम की अनुसूची में इनके लिए विनिर्दिष्ट शुल्क केवल मूल लिखत पर प्रभार्य होगा और अन्य शेष लिखतों पर संदेय स्टाम्प शुल्क का परिहार किया जायेगा।

यह अधिसूचना निष्पादित लिखतों या उप-रजिस्ट्रार के समक्ष रजिस्ट्रीकरण या निर्देश के लिए या कलक्टर (स्टाम्प) या राजस्थान कर बोर्ड या किसी अन्य न्यायालय के समक्ष स्टाम्प शुल्क के न्यायनिर्णयन के लिए लंबित लिखतों पर भी लागू होगी किन्तु पहले से ही संदत्त स्टाम्प शुल्क का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-84]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.24 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9-क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक

प.4(2)वित्त/कर/2024-67 दिनांक 08.02.2024 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि,-

1. स्टाम्प शुल्क पर संदेय ब्याज और शास्ति का निम्नलिखित मामलों में परिहार किया जाएगा, अर्थात्:-
   (i) इस अधिसूचना की तारीख तक कलक्टर (स्टाम्प) के समक्ष लंबित मामले जिनमें संदेय स्टाम्प शुल्क 10.07.2024 से 31.12.2024 की कालावधि के दौरान निक्षिप्त करा दिया जाता है।
   (ii) 10.07.2024 से 31.12.2024 की कालावधि के दौरान कलक्टर (स्टाम्प) के समक्ष फाइल किये गये मामले जिनमें संदेय स्टाम्प शुल्क 10.07.2024 से 31.12.2024 की कालावधि के दौरान निक्षिप्त करा दिया जाता है।
   (iii) इस अधिसूचना की तारीख तक कलक्टर (स्टाम्प) द्वारा न्यायनिर्णित मामले जिनमें संदेय स्टाम्प शुल्क 10.07.2024 से 31.12.2024 की कालावधि के दौरान निक्षिप्त करा दिया जाता है।
   (iv) इस अधिसूचना की तारीख तक राजस्थान कर बोर्ड, राजस्थान उच्च न्यायालय या किसी अन्य न्यायालय के समक्ष लंबित मामले जिनमें पक्षकार मामले को प्रत्याह्वत कर लेता है और ऐसे प्रत्याहरण का साक्ष्य प्रस्तुत कर देता है और संदेय स्टाम्प शुल्क 10.07.2024 से 31.12.2024 की कालावधि के दौरान निक्षिप्त करा दिया जाता है।
2. राजस्थान कर बोर्ड के समक्ष पुनरीक्षण फाइल करने के लिए उक्त अधिनियम की धारा 65 के परन्तुक के अधीन निक्षिप्त रकम और 10.07.2024 से पूर्व निक्षिप्त स्टाम्प शुल्क की रकम स्टाम्प शुल्क के संदाय के पेटे समायोजित की जायेगी।
3. पूर्वोक्त मामलों में पहले से ही संदत्त स्टाम्प शुल्क या किसी अन्य रकम का प्रतिदाय नहीं किया जाएगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-85]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.25 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.4(15) वित्त/कर/2014-49 दिनांक 14.07.2014 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय

होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि अधिनियम से संलग्न अनुसूची के अनुच्छेद 5 के खण्ड (ड.) के अधीन करार या किसी करार के ज्ञापन और अनुच्छेद 44 के खण्ड (च) के अधीन मुख्तारनामे पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क घटाया जायेगा और निम्नानुसार प्रभारित किया जायेगा:-

1. भूमि के बाजार मूल्य का 2.5 प्रतिशत, जहां विकासकर्ता या संप्रवर्तक को करार या करार के ज्ञापन या मुख्तारनामे के अधीन प्रतिफल के रूप में विकसित सम्पत्ति का भाग प्राप्त होता है और विकसित सम्पत्ति के उस भाग का स्वयं विक्रय करने की उसे शक्तियां दी जाती हैं।
2. भूमि के बाजार मूल्य का एक प्रतिशत, जहां विकासकर्ता या संप्रवर्तक को करार या किसी करार के ज्ञापन या मुख्तारनामे के अधीन विकसित सम्पत्ति के किसी भाग का विक्रय करने के लिए शक्तियां नहीं दी गयी हैं।

[प. 4(2)वित्त/कर/2024-86]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.26 .-रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 16) की धारा 78 की उप-धारा (1) और (2) तथा धारा 79 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प. 4(2)वित्त/कर/2024-68 दिनांक 08.02.2024 में इसके द्वारा निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्:-

संशोधन

उक्त अधिसूचना में,-

(i) अनुच्छेद-2 के क्रम संख्यांक 2 के सामने स्तम्भ संख्यांक 3 में विद्यमान अभिव्यक्ति "मूल्य या प्रतिफल का 1 प्रतिशत, जो भी अधिक हो।" के स्थान पर अभिव्यक्ति " मूल्य या प्रतिफल का 1 प्रतिशत, जो भी अधिक हो किन्तु न्यूनतम तीन सौ रूपये के अध्यधीन।" प्रतिस्थापित की जायेगी;

(ii) विद्यमान अनुच्छेद-7 और उसकी प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"अनुच्छेद-7

तलाशी और निरीक्षण के लिए फीस

1.	(क) प्रत्येक प्रविष्टि या दस्तावेज के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा तलाशी	प्रत्येक वर्ष के लिए 50 रुपये
	(ख) प्रत्येक परिभाषित समय स्लॉट के लिए इलैक्ट्रानिक रूप से तलाशी	प्रत्येक स्लॉट के लिए 50 रुपये
	(ग) प्रत्येक प्रविष्टि या दस्तावेज के लिए किसी व्यक्ति द्वारा निरीक्षण	प्रत्येक वर्ष के लिए 50 रुपये
	(घ) दस्तावेज की प्रति बनाना और स्कैनिंग करना	प्रति दस्तावेज 300 रुपये
2.	**स्थल निरीक्षण,-**	
	उप-रजिस्ट्रार या सरकार, स्थानीय निकाय या राजकीय उपक्रम का कोई कर्मचारी या राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा स्थल निरीक्षण	
	(i) जहां संनिर्माण के बिना संपत्ति का मूल्य 50 लाख रुपये तक है	प्रति दस्तावेज 500 रुपये
	(ii) जहां संनिर्माण के साथ संपत्ति का मूल्य 50 लाख रुपये तक है	प्रति दस्तावेज 1000 रुपये
	(iii) जहां संनिर्माण के बिना संपत्ति का मूल्य 50 लाख रुपये से अधिक किन्तु 10 करोड़ रुपये से अधिक नहीं है	प्रति दस्तावेज 1500 रुपये
	(iv) जहां संनिर्माण के साथ संपत्ति का मूल्य 50 लाख रुपये से अधिक किन्तु 10 करोड़ रूपये से अधिक नहीं है	प्रति दस्तावेज 2000 रुपये
	(v) जहां संनिर्माण के बिना संपत्ति का मूल्य 10 करोड़ रुपये से अधिक है	प्रति दस्तावेज 2500 रुपये
	(vi) जहां संनिर्माण के साथ संपत्ति का मूल्य 10 करोड़ रुपये से अधिक है	प्रति दस्तावेज 3000 रुपये

"

(iii) अनुच्छेद-10 के क्रम संख्यांक 1 के सामने स्तम्भ संख्यांक 2 में विद्यमान अभिव्यक्ति "प्रतियां जारी करने के लिए" हटायी जायेगी।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-87]

राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)

संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.27 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि 31 मार्च, 2004 से पूर्व निष्पादित लिखत के मामले में, स्टाम्प शुल्क घटाया जायेगा और निम्नानुसार प्रभारित किया जायेगा,-

क्र.सं.	निष्पादन की कालावधि	संदेय स्टाम्प शुल्क
1.	यदि दस्तावेज 31 मार्च, 1995 तक निष्पादित किया गया है	कलक्टर (स्टाम्प) को निर्देश की तारीख पर संपत्ति के विद्यमान बाजार मूल्य के 20 प्रतिशत पर
2.	यदि दस्तावेज 1 अप्रैल, 1995 से 31 मार्च, 2000 के मध्य निष्पादित किया गया है	कलक्टर (स्टाम्प) को निर्देश की तारीख पर संपत्ति के विद्यमान बाजार मूल्य के 30 प्रतिशत पर
3.	यदि दस्तावेज 1 अप्रैल, 2000 से 31 मार्च, 2004 के मध्य निष्पादित किया गया है	कलक्टर (स्टाम्प) को निर्देश की तारीख पर संपत्ति के विद्यमान बाजार मूल्य के 40 प्रतिशत पर

[प.4(2)वित्त/कर/2024-88]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.28 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 2 के खण्ड (x) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस संबंध में पूर्व में जारी की गयी समस्त अधिसूचनाओं को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 16) की धारा 8 के अधीन विभिन्न वृत्तों में नियुक्त समस्त उप-

महानिरीक्षक, रजिस्ट्रीकरण और स्टाम्प को राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 के प्रयोजनों के लिए उनके पदाभिधान से कलक्टर के रूप में नियुक्त करती है।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-89]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.29 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.2(82)वित्त/कर/2010-97 दिनांक 30.11.2010 को इसके द्वारा तुरन्त प्रभाव से विखंडित करती है।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-90]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.30 .-रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 16) की धारा 69 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, महानिरीक्षक रजिस्ट्रीकरण, राजस्थान द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 69 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राजस्थान रजिस्ट्रीकरण नियम, 1955 को और संशोधित करने के लिए बनाये गये निम्नलिखित नियम इसके द्वारा अनुमोदित और प्रकाशित करती है, अर्थात्:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.- (1) इन नियमों का नाम राजस्थान रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) नियम, 2024 है।

(2) ये तुरंत प्रवृत होंगे।

2. नियम 181 का संशोधन.- राजस्थान रजिस्ट्रीकरण नियम, 1955 के खण्ड-1 के विद्यमान नियम 181 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"181. रजिस्ट्रीकृत दस्तावेजों का रद्दकरण या उनमें शुद्धिकरण.- जब कोई रजिस्ट्रीकृत दस्तावेज न्यायालय या किसी अन्य प्राधिकारी के आदेश द्वारा रद्द या शुद्ध किया जाता है और रद्दकरण या, यथास्थिति, शुद्धिकरण के आदेश की प्रति उस रजिस्ट्रीकरण कार्यालय को भेजी जाती है जिसमें यह रजिस्ट्रीकृत किया गया था, तो रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रद्द किये गये या शुद्ध किये गये दस्तावेज की प्रति के सामने न्यायालय या प्राधिकारी का नाम, आदेश की तारीख और पक्षकारों के ब्यौरे विनिर्दिष्ट करते हुए, रद्दकरण या, यथास्थिति, शुद्धिकरण का टिप्पण करेगा। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी टिप्पण के ये ब्यौरे अनुक्रमणिका में भी प्रविष्ट करेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-91]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.31 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) और रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 16) की धारा 78 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.4(2)वित्त/कर/2023-37 दिनांक 10.02.2023 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि व्यवस्थापन की लिखत पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रीकरण फीस घटायी जायेगी और निम्नानुसार प्रभारित की जायेगी:

क्र.सं.	लिखत का विवरण	स्टाम्प शुल्क	रजिस्ट्रीकरण फीस
1	2	3	4
1.	यदि ऐसी लिखत पत्नी, पुत्र, पुत्री, पुत्र का पुत्र, पुत्र की पुत्री, पुत्री का पुत्र, पुत्री की पुत्री या पुत्रवधु के पक्ष में निष्पादित की जाती है	शून्य	शून्य

2.	यदि ऐसी लिखत कुटुम्ब के अन्य सदस्यों के पक्ष में निष्पादित की जाती है	ऐसी लिखत द्वारा बंदोबस्त की गयी सम्पति के बाजार मूल्य का 1.5 प्रतिशत	शून्य

स्पष्टीकरण: इस अधिसूचना के प्रयोजन के लिए "कुटुम्ब का सदस्य" से व्यवस्थापनकर्ता का पिता, माता, पति, पत्नी, भाई, बहिन, पुत्र, पुत्री, पुत्र का पुत्र, पुत्र की पुत्री, पुत्री का पुत्र, पुत्री की पुत्री और पुत्रवधू अभिप्रेत है।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-92]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.32 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) और रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 16) की धारा 78 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.2(15)वित्त/कर/2015-47 दिनांक 26.06.2015, प.4(6)वित्त/कर/2016-242 दिनांक 08.03.2016, प.4(2)वित्त/कर/2021-278 दिनांक 24.02.2021 और प.4(2)वित्त/कर/2022-120 दिनांक 23.02.2022 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि नीचे दी गयी सारणी के स्तंभ संख्यांक 2 में विनिर्दिष्ट लिखतों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रीकरण फीस घटायी जायेगी और उक्त सारणी के क्रमश: स्तंभ संख्यांक 3 और 4 में उनके प्रत्येक के सामने यथाविनिर्दिष्ट दर पर प्रभारित किया जायेगा:-

सारणी

क्र.सं.	**लिखत का विवरण**	**स्टाम्प शुल्क**	**रजिस्ट्रीकरण फीस**
1	**2**	**3**	**4**
1.	संपादन आस्तियों (मानक आस्तियां) के संबंध में निष्पादित ऋण समनुदेशन	अधिकतम एक लाख रुपये के अध्यधीन रहते हुए ऋण की रकम का 0.25 प्रतिशत	अधिकतम पच्चीस हजार रुपये के अध्यधीन रहते हुए ऋण की रकम का एक प्रतिशत

2.	वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 54) की धारा 7 की उप-धारा (1) और (2) के अधीन जारी की गई प्रतिभूति रसीदें	अधिकतम एक लाख रुपये के अध्यधीन रहते हुए सकल आस्ति मूल्य की रकम का 0.25 प्रतिशत	अधिकतम पच्चीस हजार रुपये के अध्यधीन रहते हुए ऋण की रकम का एक प्रतिशत
3.	अधिनियम की अनुसूची के अनुच्छेद 5 के खण्ड (घ) में विनिर्दिष्ट लिखतें	अधिकतम पन्द्रह लाख रुपये के अध्यधीन रहते हुए उधार या ऋण की रकम का 0.25 प्रतिशत	अधिकतम पच्चीस हजार रुपये के अध्यधीन रहते हुए उधार या ऋण की रकम का एक प्रतिशत
4.	अधिनियम की अनुसूची के अनुच्छेद 6 में विनिर्दिष्ट लिखतें	अधिकतम पंद्रह लाख रुपये के अध्यधीन रहते हुए उधार या ऋण की रकम का 0.25 प्रतिशत	अधिकतम पच्चीस हजार रुपये के अध्यधीन रहते हुए उधार या ऋण की रकम का एक प्रतिशत
5.	अधिनियम की अनुसूची के अनुच्छेद 30 के खण्ड (ख) के उप-खण्ड (ii) में विनिर्दिष्ट लिखतें	अधिकतम पंद्रह लाख रुपये के अध्यधीन रहते हुए प्रतिभूत किये गये अतिरिक्त भार की रकम का 0.25 प्रतिशत	अधिकतम पच्चीस हजार रुपये के अध्यधीन रहते हुए प्रतिभूत किये गये अतिरिक्त भार की रकम का एक प्रतिशत
6.	अधिनियम की अनुसूची के अनुच्छेद 37 के खण्ड (ख) में विनिर्दिष्ट लिखतें	अधिकतम पंद्रह लाख रुपये के अध्यधीन रहते हुए प्रतिभूत रकम का 0.25 प्रतिशत	अधिकतम पच्चीस हजार रुपये के अध्यधीन रहते हुए प्रतिभूत रकम का एक प्रतिशत
7.	अधिनियम की अनुसूची के अनुच्छेद 50 में विनिर्दिष्ट लिखतें	अधिकतम पंद्रह लाख रुपये के अध्यधीन रहते हुए प्रतिभूत रकम का 0.25 प्रतिशत	अधिकतम पच्चीस हजार रुपये के अध्यधीन रहते हुए प्रतिभूत रकम का एक प्रतिशत

यह अधिसूचना निष्पादित लिखतों या उप-रजिस्ट्रार के समक्ष रजिस्ट्रीकरण या निर्देश के लिए या कलक्टर (स्टाम्प) या राजस्थान कर बोर्ड या किसी अन्य न्यायालय के समक्ष स्टाम्प शुल्क के न्यायनिर्णयन के लिए लंबित लिखतों पर भी लागू होगी किन्तु पहले से ही संदत्त स्टाम्प शुल्क का प्रतिदाय नहीं किया जाएगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-93]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.33 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) और रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 16) की धारा 78 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि कुटुंब के सदस्यों के मध्य उनके संयुक्त स्वामित्व में गैर-कृषिक संपत्तियों के विनिमय के संबंध में निष्पादित लिखतों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रीकरण फीस घटायी जायेगी और अधिक मूल्य की संपत्ति, जो विनिमय की विषयवस्तु है, के बाजार मूल्य के क्रमश: दो प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की दर से प्रभारित की जायेगी।

स्पष्टीकरण: इस अधिसूचना के प्रयोजन के लिए "कुटुंब सदस्य" से अभिप्रेत है और इसमें पिता, माता, पति, पत्नी, भाई, बहिन, पुत्र, पुत्री, पुत्र का पुत्र, पुत्र की पुत्री, पुत्री का पुत्र, पुत्री की पुत्री और पुत्रवधु सम्मिलित हैं।

यह अधिसूचना निष्पादित लिखतों या उप-रजिस्ट्रार के समक्ष रजिस्ट्रीकरण या निर्देश के लिए या कलक्टर (स्टाम्प) या राजस्थान कर बोर्ड या किसी अन्य न्यायालय के समक्ष स्टाम्प शुल्क के न्यायनिर्णयन के लिए लंबित लिखतों पर भी लागू होगी किन्तु पहले से ही संदत्त स्टाम्प शुल्क का प्रतिदाय नहीं किया जाएगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-94]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.34 .-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) और रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 16) की धारा 78 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि भूमि के स्वामी के पक्ष में उसके द्वारा अभ्यर्पित की गयी भूमि के बदले में जारी अंतरणीय विकास अधिकार (टीडीआर) की लिखतों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रीकरण फीस का परिहार किया जायेगा।

यह अधिसूचना निष्पादित लिखतों या उप-रजिस्ट्रार के समक्ष रजिस्ट्रीकरण या निर्देश के लिए या कलक्टर (स्टाम्प) या राजस्थान कर बोर्ड या किसी अन्य न्यायालय के समक्ष स्टाम्प शुल्क के न्यायनिर्णयन के लिए लंबित लिखतों पर भी लागू होगी किन्तु पहले से ही संदत्त स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रीकरण फीस का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2024-95]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.35 .-राजस्थान विद्युत (शुल्क) अधिनियम, 1962 (1962 का अधिनियम सं. 12) की धारा 3 के परन्तुक के खण्ड (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, आबद्ध ऊर्जा संयंत्रों में ऊर्जा के उत्पादन के लिए अनन्य रूप से उपयोग की गयी स्वउत्पादित ऊर्जा के उपभोग, सामान्यत: सहायक ऊर्जा उपभोग के रूप में जाने जानी वाली ऊर्जा, पर किसी व्यक्ति द्वारा संदेय विद्युत शुल्क के संदाय से राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (आरईआरसी) द्वारा यथा अनुज्ञात सीमा तक इसके द्वारा छूट देती है:

परन्तु इस अधिसूचना के अधीन छूट स्व-उपभोग के लिए उपभुक्त ऊर्जा के आधार पर संगणित की जायेगी किन्तु आबद्ध ऊर्जा संयंत्र द्वारा विद्युत के विक्रय पर अनुज्ञात नहीं की जायेगी।

इस अधिसूचना के प्रयोजन के लिए,-

'**सहायक ऊर्जा उपभोग**' से विद्युत उत्पादन के लिए किसी उत्पादन केंद्र पर स्थित किसी विद्युतीय यंत्र द्वारा उपभुक्त विद्युत अभिप्रेत है जिसमें आबद्ध उत्पादन संयंत्र, सह-उत्पादन संयंत्र या कोई अन्य उत्पादन संयंत्र और उत्पादन केन्द्र के भीतर ट्रांसफार्मर हानियां सम्मिलित हैं:

परन्तु इसमें उत्पादन केंद्र द्वारा उसकी आवासन कालोनी को दी गयी बिजली का प्रदाय और अन्य सुविधाओं तथा उत्पादन केन्द्र पर किये गये सन्निनिर्माण कार्यों के लिए उपभुक्त ऊर्जा सम्मिलित नहीं होगी।

[प.12(26)वित्त/कर/2024-78]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.36 .-राजस्थान विद्युत (शुल्क) अधिनियम, 1962 (1962 का अधिनियम सं. 12) की धारा 8क और 8ख द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इस अधिसूचना की तारीख तक आबद्ध ऊर्जा संयंत्रों द्वारा ऊर्जा के उत्पादन के लिए अनन्य रूप से उपयोग की गयी स्व उत्पादित ऊर्जा के सहायक ऊर्जा उपभोग पर संदेय विद्युत शुल्क की रिबेट और ब्याज तथा शास्ति का अधित्यजन नीचे दी गयी सारणी के स्तम्भ संख्यांक 2 में यथा उल्लिखित संदेय विद्युत शुल्क के लिए उक्त सारणी के स्तम्भ संख्यांक 3 में यथा उल्लिखित शर्तों को पूरा करने पर उक्त सारणी के स्तम्भ संख्यांक 4 में यथा उल्लिखित सीमा तक अनुज्ञात करती है:-

सारणी

क्र.सं.	**संदेय विद्युत शुल्क**	**शर्तें**	**विद्युत शुल्क के रिबेट और ब्याज और शास्ति के अधित्यजन की रकम**
1.	**2.**	**3.**	**4.**
	आबद्ध ऊर्जा संयंत्रों में ऊर्जा के उत्पादन के लिए अनन्य रूप से उपयोग की गयी स्व उत्पादित ऊर्जा के सहायक ऊर्जा उपभोग पर संदेय	उपभोक्ता संदेय विद्युत शुल्क का 10% निक्षिप्त कर देता है।	इस अधिसूचना के अधीन विद्युत शुल्क निक्षिप्त किये जाने की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ

	विद्युत शुल्क जो,- (i) संबंधित निर्धारण प्राधिकारी द्वारा अवधारित और उपभोक्ता को सूचित किया गया है; (ii) प्राधिकारी द्वारा अब तक अवधारित नहीं किया गया है; और (iii) इस अधिसूचना की प्रवर्तन कालावधि के दौरान प्राधिकारी के समक्ष उपभोक्ता द्वारा स्वेच्छया प्रकट किया जाता है।		विद्युत शुल्क की शेष रकम और ब्याज और शास्ति की संपूर्ण रकम।

सहायक ऊर्जा उपभोग की संगणना.- इस अधिसूचना के अधीन छूट स्व-उपभोग के लिए उपभुक्त ऊर्जा के आधार पर संगणित की जायेगी किन्तु आबद्ध ऊर्जा संयंत्र द्वारा विद्युत के विक्रय पर अनुज्ञात नहीं की जायेगी।

शर्तें:- इस अधिसूचना के अधीन फायदे निम्नलिखित शर्तों को पूरा किये जाने पर उपलब्ध होंगे, अर्थात्:-

(क) इस अधिसूचना के अधीन फायदा प्राप्त करने के लिए आवेदक वाणिज्यिक कर विभाग की वेबसाइट www.rajtax.gov.in पर संबंधित निर्धारण प्राधिकारी को अपनी रजामंदी इलैक्ट्रानिक रूप से सूचित करेगा और उपर्युक्त सारणी के स्तम्भ संख्यांक 3 के अनुसार अपेक्षित रकम जमा करायेगा;

(ख) आवेदक को किसी न्यायालय या, यथास्थिति, अपील प्राधिकारी के समक्ष लंबित मामले, यदि कोई हो, के प्रत्याहरण, के लिए वचनबंध इस अधिसूचना की प्रवर्तन कालावधि के भीतर प्रस्तुत करना होगा; और

(ग) विद्युत शुल्क, ब्याज और शास्ति की रकम, यदि पहले से ही संदत्त कर दी गयी है, का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

स्पष्टीकरण: इस अधिसूचना के प्रयोजन के लिए,-

(i) **'सहायक ऊर्जा उपभोग'** से विद्युत उत्पादन के लिए किसी उत्पादन केंद्र पर स्थित किसी विद्युतीय यंत्र द्वारा उपभुक्त विद्युत अभिप्रेत है जिसमें आबद्ध उत्पादन संयंत्र, सह-उत्पादन संयंत्र या कोई अन्य उत्पादन संयंत्र और उत्पादन केन्द्र के भीतर ट्रांसफार्मर हानियां सम्मिलित हैं:

परन्तु इसमें उत्पादन केंद्र द्वारा उसकी आवासन कालोनी को दी गयी बिजली का प्रदाय और अन्य सुविधाओं तथा उत्पादन केन्द्र पर किये गये सन्निनिर्माण कार्यों के लिए उपभुक्त ऊर्जा सम्मिलित नहीं होगी।

(ii) इस अधिसूचना के अधीन फायदे प्राप्त करने के लिए ब्यौरेवार प्रक्रिया और कठिनाइयों, यदि कोई हो, के निराकरण के लिए आदेश आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग, राजस्थान द्वारा अधिसूचित किये जायेंगे।

यह अधिसूचना तुरंत प्रवृत्त होगी और 31.12.2024 तक प्रवृत्त रहेगी।

[प.12(26)वित्त/कर/2024-79]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.37 .-राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का अधिनियम सं. 4) की धारा 8 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, किसी रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी द्वारा राज्य में नागर विमानन निदेशालय द्वारा अनुमोदित किसी फ्लाईंग ट्रेनिंग आर्गनाईजेशन या एयरक्राफ्ट टाईप ट्रेनिंग आर्गनाईजेशन को ऐवियेशन टरबाईन फ्यूल के विक्रय पर संदेय कर से उस सीमा तक जिस तक कर की दर 2 प्रतिशत से अधिक है, इस शर्त पर कि क्रेता आर्गनाईजेशन, वाणिज्यिक कर विभाग की शासकीय वेबसाइट के माध्यम से उसमें यथा उपबंधित रीति से, इलैक्ट्रानिक रूप में प्ररूप मूपक-72 में एक घोषणा प्ररूप जनित करेगा और विक्रय व्यवहारी को इस प्रकार जनित प्ररूप मूपक-72 की सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित प्रति देगा, इसके द्वारा तुरन्त प्रभाव से छूट देती है।

[प.12(26)वित्त/कर/2024-80]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग

(कर अनुभाग)

अधिसूचना

जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.38 .-राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का अधिनियम सं. 9) की धारा 174 की उप-धारा (2क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.12(7)वित्त/कर/2024-72 दिनांक 08.02.2024 में तुरंत प्रभाव से निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्:-

संशोधन

उक्त अधिसूचना में,-

(i) खण्ड 1 के उप-खण्ड (2) में विद्यमान अभिव्यक्ति "31.07.2024" के स्थान पर अभिव्यक्ति "31.12.2024" प्रतिस्थापित की जायेगी ;

(ii) खण्ड 4 में दी गयी सारणी में,-

(क) विद्यमान क्रम संख्यांक 2 और उसकी प्रविष्टियों के पश्चात् और विद्यमान क्रम संख्यांक 3 और उसकी प्रविष्टियों से पूर्व निम्नलिखित नया क्रम संख्यांक 2क और उसकी प्रविष्टियां जोड़ी जायेंगी, अर्थात्:-

"

2क.	परादेय मांग जो डीसीआर में एकल प्रविष्टि में दस लाख रु. से अधिक नहीं है।	लागू नहीं	इस स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ कर, ब्याज, शास्ति और विलंब फीस, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम।

"

(ख) क्रम संख्यांक 3 के सामने स्तम्भ 2 में विद्यमान अभिव्यक्ति "इस सारणी के क्रम संख्यांक 1 और 2" के स्थान पर अभिव्यक्ति "इस सारणी के क्रम संख्यांक 1,2 और 2क" प्रतिस्थापित की जायेगी; और

(iii) खण्ड 4 में दी गयी सारणी के अधीन स्पष्टीकरण संख्यांक 1 में, विद्यमान अभिव्यक्ति "31.07.2024" के स्थान पर अभिव्यक्ति "31.12.2024" प्रतिस्थापित की जायेगी।

[प.12(26)वित्त/कर/2024-81]

राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)

संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.39 .-राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का अधिनियम सं. 4) की धारा 99 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर नियम, 2006 को और संशोधित करने के लिए इसके द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.-(1) इन नियमों का नाम राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर (संशोधन) नियम, 2024 है।

(2) ये तुरंत प्रवृत्त होंगे।

2. नियम 53 का संशोधन.- राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर नियम, 2006, जिन्हें इसमें इसके पश्चात् उक्त नियमों के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, के नियम 53 के उप-नियम (1) का विद्यमान स्पष्टीकरण हटाया जायेगा।

3. नियम 54 का संशोधन.- उक्त नियमों के नियम 54 के उप-नियम (1) का विद्यमान स्पष्टीकरण हटाया जायेगा।

[प.12(26)वित्त/कर/2024-82]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.40 .-राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का अधिनियम सं. 4) की धारा 8 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी को आबकारी विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा जारी रिटेल ऑफ अनुज्ञप्तियां नहीं रखने वाले व्यवहारियों/व्यक्तियों को विक्रय की गयी विदेशी शराब, भारत में निर्मित विदेशी शराब और बीयर के विक्रय पर संदेय कर से, उस

सीमा तक जिस तक कर की दर 20 प्रतिशत से अधिक है इसके द्वारा तुरंत प्रभाव से छूट देती है।

[प.12(26)वित्त/कर/2024-83]
राज्यपाल के आदेश से,

(जसवंत सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग
अधिसूचना
जयपुर, जुलाई 10, 2024

एस.ओ.41 .-राजस्थान मोटरयान कराधान अधिनियम, 1951 (1951 का अधिनियम सं. 11) की धारा 4 की उप-धारा (1) के खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की समय-समय पर यथासंशोधित, अधिसूचना संख्यांक प.6(179)परि/कर/मु./2019-20/2 दिनांक 10.07.2019 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, नीचे दी गयी सारणी के स्तम्भ संख्यांक 2 में यथा-विनिर्दिष्ट गैर-परिवहन यानों और परिवहन यानों पर संदेय एकबारीय कर की दर, उनके प्रत्येक के सामने उक्त सारणी के स्तम्भ संख्यांक 3 में विनिर्दिष्ट दरों पर तुरंत प्रभाव से, इसके द्वारा विनिर्दिष्ट करती है, अर्थात्:-

सारणी

क्र.सं.	**मोटर यान के वर्ग का वर्णन**	**एकबारीय कर की दर**
1	2	3
1.	इंजन क्षमता वाले परिवहन या गैर-परिवहन यान के रूप में उपयोग किये जाने वाले दो पहिया वाले यान।	
	(क) 200 सीसी तक	यान की लागत का 8 प्रतिशत
	(ख) 200 सीसी से अधिक और 500 सीसी तक	यान की लागत का 13 प्रतिशत
	(ग) 500 सीसी से अधिक	यान की लागत का 15 प्रतिशत
2.	परिवहन या गैर-परिवहन यान के रूप में उपयोग किये जाने वाले तीन पहिया वाले यात्री यान	
	(क) तीन तक की बैठक क्षमता के साथ	रु. 3,000/-
	(ख) चार की बैठक क्षमता के साथ	रु. 6,000/-
	(ग) चार से अधिक की बैठक क्षमता के साथ	रु. 8,000/-
3.	इंजन क्षमता वाले 10 तक की बैठक क्षमता के साथ चार पहिया वाले गैर-परिवहन यान	

	(क) 800 सीसी तक	यान की लागत का 6 प्रतिशत
	(ख) 800 सीसी से अधिक और 1200 सीसी तक	यान की लागत का 9 प्रतिशत
	(ग) 1200 सीसी से अधिक	
	(i) पैट्रोल/सी.एन.जी./एल.पी.जी./सोलर एनर्जी	यान की लागत का 10 प्रतिशत
	(ii) डीजल	यान की लागत का 12 प्रतिशत
4.	तीन पहिया से अधिक वाले टैक्सी कैब/मैक्सी कैब/संविदा गाड़ी अनुज्ञा यान और पर्यटक अनुज्ञा यान	
	(क) 13 तक की बैठक क्षमता के साथ	
	(i) चेसिस के रूप में क्रय किये गये	चेसिस की लागत का 12 प्रतिशत
	(ii) पूरी बॉडी के साथ क्रय किये गये	यान की लागत का 10 प्रतिशत
	(ख) 13 से अधिक और 22 तक की बैठक क्षमता के साथ	
	(i) चेसिस के रूप में क्रय किये गये	चेसिस की लागत का 25 प्रतिशत
	(ii) पूरी बॉडी के साथ क्रय किये गये	यान की लागत का 16 प्रतिशत
5.	माल यान	
	(क) संलग्न यान	
	(i) तीन पहिया वाले यान	यान/चेसिस की लागत का 9 प्रतिशत
	(ii) तीन पहिया से अधिक वाले यान	यान/चेसिस की लागत का 10 प्रतिशत
	(ख) संलग्न यान से भिन्न	
	(i) तीन पहिया वाले यान	यान की लागत का 9 प्रतिशत
	(ii) 3000 कि.ग्रा. तक सकल यान भार वाले तीन पहिया से अधिक वाले यान	यान की लागत का 10 प्रतिशत
	(iii)3000 कि.ग्रा. से अधिक और 16500 कि.ग्रा. तक सकल यान भार वाले तीन पहिया से अधिक वाले मालयान	यान/चेसिस की लागत का 11 प्रतिशत
6.	उपर्युक्त किसी भी प्रवर्ग के अन्तर्गत नहीं आने वाले अन्य मालयान या यान यथा डम्पर, लोडर, कैम्पर वैन, कैम्पर ट्रेलर, कैशवैन, मोबाइल कैंटीन, हॉलपैक डम्पर, मोबाइल वर्कशॉप, एम्बुलेंस, फायर टेण्डर्स, स्नोर्केड् लैडर्स, ऑक्जिलरी ट्रेलर्स, फायर फाइटिंग यान, हीयर्सेज, मेल कैरियर, मोबाइल क्लिनिक, एक्स-रे वैन,	

	लाइब्रेरी वैन आदि।	
	(क) चेसिस के रूप में क्रय किये गये	चेसिस की लागत का 10 प्रतिशत
	(ख) पूरी बॉडी के साथ क्रय किये गये	यान की लागत का 7.5 प्रतिशत
7.	प्राइवेट सेवा यान	
	(क) 13 तक की बैठक क्षमता के साथ	
	(i) चेसिस के रूप में क्रय किये गये	चेसिस की लागत का 15 प्रतिशत
	(ii) पूरी बॉडी के साथ क्रय किये गये	यान की लागत का 12 प्रतिशत
	(ख) 13 से अधिक और 22 तक की बैठक क्षमता के साथ	
	(i) चेसिस के रूप में क्रय किये गये	चेसिस की लागत का 25 प्रतिशत
	(ii) पूरी बॉडी के साथ क्रय किये गये	यान की लागत का 15 प्रतिशत
8.	7 से अधिक और 10 तक की बैठक क्षमता के साथ शैक्षिक संस्था बस	
	(i) चेसिस के रूप में क्रय किये गये	चेसिस की लागत का 15 प्रतिशत
	(ii) पूरी बॉडी के साथ क्रय किये गये	यान की लागत का 12 प्रतिशत
9.	प्राइवेट उपयोग के लिए कैम्पर वैन/ट्रेलर	
	(i) चेसिस के रूप में क्रय किये गये	चेसिस की लागत का 10 प्रतिशत
	(ii) पूरी बॉडी के साथ क्रय किये गये	यान की लागत का 7.5 प्रतिशत
10.	रिग, जेनरेटर या कम्प्रेसर जैसे उपस्कर लगे यान, क्रेन माउण्टेड यान, फोर्क लिफ्ट, टो ट्रक, ब्रेक डाउन वैन, रिकवरी यान, टावर वैगन, ट्री ट्रिमिंग यान या किसी प्रवर्ग के अधीन नहीं आने वाला कोई अन्य गैर-परिवहन यान।	
	(i) चेसिस के रूप में क्रय किये गये	चेसिस की लागत का 10 प्रतिशत
	(ii) पूरी बॉडी के साथ क्रय किये गये	यान की लागत का 8 प्रतिशत
11.	संनिर्माण उपस्कर यान	
	(i) चेसिस के रूप में क्रय किये गये	चेसिस की लागत का 10 प्रतिशत

	(ii) पूरी बॉडी के साथ क्रय किये गये	यान की लागत का 8 प्रतिशत
12.	शुद्ध ऑफ-हाइवे यान	
	(i) चेसिस के रूप में क्रय किये गये	चेसिस की लागत का 7.5 प्रतिशत
	(ii) पूरी बॉडी के साथ क्रय किये गये	यान की लागत का 6 प्रतिशत
13.	मालयानों के रूप में उपयोग किये जाने के लिए कृषि ट्रेक्टर से संलग्न ट्रेलर्स	रु 500/-

परन्तु,-

(i) उपर्युक्त क्रम संख्यांक 1 और 3 के सामने स्तम्भ संख्यांक 2 में वर्णित गैर-परिवहन मोटर यानों के स्वामित्व के प्रत्येक अन्तरण पर रजिस्ट्रीकरण के समय या रजिस्ट्रीकरण के पश्चात् संदत्त एकबारीय कर की 25 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त एकबारीय कर संदेय होगा।

(ii) उपर्युक्त क्रम संख्यांक 9 से 11 के सामने स्तम्भ संख्यांक 2 में वर्णित गैर-परिवहन मोटर यानों के स्वामित्व के प्रत्येक अन्तरण पर रजिस्ट्रीकरण के समय या रजिस्ट्रीकरण के पश्चात् संदत्त एकबारीय कर के 10 प्रतिशत की दर पर अतिरिक्त एकबारीय कर संदेय होगा।

(iii) कोई भी अतिरिक्त कर संदेय नहीं होगा,-

(क) ऐसे मामलों में जहां स्वामित्व का अंतरण मोटर यान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी की मृत्यु के कारण मोटर यान का कब्जा उत्तरवर्ती व्यक्ति के नाम किया जा रहा हो; या

(ख) ऐसे मामलों में जहां यान के स्वामी द्वारा बीमा कम्पनी के विरुद्ध फाइल किया गया दावा तय हो जाने के कारण यान बीमा कम्पनी के नाम अन्तरित किया जा रहा हो।

(iv) राज्य में या राज्य के बाहर पहले से रजिस्ट्रीकृत यानों के मामले में या मिलिट्री डिस्पोजल यानों के मामले में, जिन पर एकबारीय कर पूर्व में संदेय नहीं था, एकबारीय कर, ऊपर यथा-संगणित कर की रकम को, रजिस्ट्रीकरण की तारीख से पांच वर्ष तक प्रति वित्तीय वर्ष या उसके किसी भाग के लिए 5 प्रतिशत की दर से घटा कर, परिनिर्धारित किया जायेगा।

(v) ऐसे मामलों में जहां गैर-परिवहन यान के लिए अधिनियम की धारा 4 की उप-धारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन एकबारीय कर अथवा धारा 4-ग के तहत 10.07.2019 से पूर्व प्रचलित एक मुश्त कर संदत्त कर दिया गया है और तत्पश्चात् यान का प्रवर्ग/वर्णन परिवर्तित हो जाता है, तब यान का स्वामी कर के अंतर की रकम संदत्त करेगा यदि प्रवर्ग/वर्णन में परिवर्तन के कारण कर की दर बढ़ जाती है किन्तु यदि प्रवर्ग/विवरण में परिवर्तन के कारण कर की दर कम होती है तो यान के स्वामी को किसी भी कर का संदाय नहीं करना होगा।

(vi) ऐसे मामलों में जहां परिवहन यान के लिए अधिनियम की धारा 4 की उप-धारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन एकबारीय कर या धारा 4-ग के अधीन 10.07.2019 से पूर्व प्रचलित एक मुश्त कर संदत्त कर दिया गया है और तत्पश्चात् यान का प्रवर्ग/वर्णन परिवर्तित हो जाता है, तो यान के स्वामी को किसी भी कर का संदाय नहीं करना होगा।

(vii) यदि उपर्युक्त क्रम संख्यांक 3 के सामने स्तम्भ संख्यांक 2 में यथाउल्लिखित यान भाड़े या पारिश्रमिक पर चलते पाये जायें तो ये यान उस वित्तीय वर्ष के लिए, जिसमें यान भाड़े या पारिश्रमिक पर चलना पाया गया था, एकबारीय कर की दर के एक चौथाई के हिसाब से समान प्रकार के परिवहन यानों के लिए यथा-अधिसूचित कर संदत्त करने के दायी होंगे।

टिप्पण- इस अधिसूचना के अधीन संदेय कर के अतिरिक्त, इस अधिसूचना के प्रवृत्त होने के पूर्व, किसी भी कालावधि के लिए अधिनियम के अधीन यथा-संदेय कोई भी कर या शास्ति, मोटर यान का कब्जा या नियंत्रण रखने वाले स्वामी या व्यक्ति द्वारा संदत्त की जायेगी।

स्पष्टीकरण:

(i) कर की संगणना के लिए यानों की लागत:-

(क) नये यान/चेसिस के मामले में, किसी भी विनिर्माता या व्यवहारी द्वारा किसी भी प्रोत्साहन स्कीम के अधीन या अन्यथा कीमत में दिये गये किसी डिस्काउण्ट, रिबेट या रियायत को अपवर्जित करते हुये, समस्त करों और उद्ग्रहणों को सम्मिलित करते हुए क्रय बिल में यथा-दर्शित एक्स-शोरूम कीमत होगी।

(ख) राज्य के बाहर रजिस्ट्रीकृत/क्रय किये गये और राजस्थान में समनुदेशन/रजिस्ट्रीकरण के लिए लाये गये यानों के मामले में, और राजस्थान में पहले से ही रजिस्ट्रीकृत ऐसे यान के लिए, जिन पर एकबारीय कर पूर्व में संदेय नहीं था, वह लागत होगी जो उस दिन, जिस दिन कर शोध्य होता है इस राज्य में समान प्रकार के यानों पर राजस्थान में प्रचलित हो।

